Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 76 रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कांकेर में बड़ा सड़क हादसा

# 2 कारों की टक्कर में 6 की मौत

## 3 घायल, आरक्षक का परिवार खत्म

**कांकेर, 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पर दो कारों की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना कोतवाली थाने क्षेत्र के ग्राम नथिया के पास की है। बताया जाता है कि बीती रात दो कारों में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि लखनपुरी निवासी आरक्षक का परिवार शादी कार्यक्रम के लिए कांकेर आया था। देर रात कार्यक्रम से वापस लौटने के दौरान ये हादसा हुआ और हादसे में आरक्षक का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। परिवार के सात सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।



नथिया गांव के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे में एक सात साल के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सामने कार चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### इनकी हुई मौत, सिपाही का पूरा परिवार खत्म

कुंती नेताम, 50 साल, पत्नी
शगुनदास नेताम, 53 साल, दामाद
मकतुला नेताम, 48 साल, बहन
वंश नेताम, 7 साल, भांजा
दीना यादव, 40 साल, रिश्तेदार
जहुरा जुर्री, 50 साल, रिश्तेदार

### ये हुए घायल

मुरहा उसेंडी 26 साल
उदित जुर्री 26 साल
ड्राइवर विश्वजीत नेताम, 25 साल, ड्राइवर, नाथिया नवागांव कांकेर

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के सदस्य के रूप में ली शपथ, उच्च सदन से शुरू की नई पारी

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार आज राज्यसभा से अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। आज दोपहर 12:12 बजे उन्होंने राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। इसके लिए समारोह का आयोजन किया गया। राज्यसभा में सारी तैयारी पहले ही पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आवास से निकलकर राज्यसभा पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके आवास से उनके साथ राज्यसभा पहुंचे। 16 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। 30 मार्च को उन्होंने विधान परिषद् सदस्य के रूप में इस्तीफा दिया। इसके बाद आज उन्होंने राज्यसभा सांदस के रूप में शपथ लिया। अब तीन से चार दिनों के अंदर वह अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप देंगे।



एक दिन पहले यानी नौ अप्रैल को दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अब हम यहीं रहेंगे, वहां नए लोगों को मौका मिलेगा। बहुत समय तक यहां (दिल्ली) काम किया है, अब फिर से यहीं काम करूंगा। 20 साल तक बिहार में बहुत काम किया है। यह काम आगे भी काम जारी रहेगा।

**पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह से भी मुलाकात करेंगे सीएम नीतीश कुमार:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा में शपथ लेने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलकात करेंगे। उनके साथ ललन सिंह और संजय झा भी रहेंगे। बिहार में नई एनडीए सरकार के प्रारूप को लेकर सीएम नीतीश कुमार गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत कर सकते हैं। नई सरकार का मंत्रिमंडल कैसा रहेगा? कौन रिपीट होंगे? किस नए चेहरे को मौका दिया जाएगा? इस पर सीएम नीतीश कुमार अपनी राय रखेंगे। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ही दिल्ली से पटना लौटेंगे। इसके बाद पटना में जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सीएम 13 अप्रैल को कैबिनेट की अंतिम बैठक कर सकते हैं। इसके बाद एनडीए के विधायक दल की बैठक होगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, दिल्ली वाले घर में मिले थे भारी मात्रा में जले हुए नोट

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट मे तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था। न्यायिक कार्य से उनको फिलहाल अलग किया गया था। ट्रांसफर के बाद उन्होंने 5 अप्रैल, 2025 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में शपथ ली। यह इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब आरोपों की इन-हाउस जांच चल रही है। जांच के नतीजे के आधार पर, इस मामले में पार्लियामेंट्री रिमूवल प्रोसीडिंग्स हो सकती थीं। उनके इस्तीफे से अब सवाल उठ रहे हैं कि यह प्रोसेस आगे कैसे बढ़ेगा और ज्यूडिशियरी के अंदर अकाउंटेबिलिटी सिस्टम के लिए इसका क्या मतलब है।



### पवन खेड़ा को राहतः तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली एक हफ्ते की अग्रिम जमानत, संबंधित कोर्ट में जाने की इजाजत

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान उन्हें कुछ शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत मिलेगी। दरअसल, यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। पवन खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे।



## महिला के कत्ल के बाद जिला छोड़ भागा था आरोपी, पुलिस ने कोरिया से किया गिरफ्तार, 35,000 का ईनाम था घोषित

**अंबिकापुर, 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** रेप एंड मर्डर के सनसनीखेज मामले में आखिरकार फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. प्रेमिका के साथ क्रूरता के बाद आरोपी ने जिला छोड़ दिया था. घटना के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था. पुलिस ने आरोपी पर 35,000 रुपए का ईनाम भी घोषित किया था. लगातार पतासाजी के बीच आरोपी को कोरिया जिले में दबोचा गया. जिसकी गिरफ्तारी के लिए अंबिकापुर पुलिस टीम कोरिया के लिए रवाना हो गई है।

कोतवाली थाना इलाके के महामाया मंदिर द्वार के पास 3 अप्रैल (शुक्रवार) को एक महिला का संदिग्ध अवस्था में रक्त रंजित शव बरामद हुई थी. वारदात से शहर में सनसनी फैल गई. पुलिस, एफएसएल और डॉग स्कॉड की टीम घटनास्थल से पहुंची. शुरूआती जांच में गले में धारदार हथियार के निशान मिले और चेहरा कुचला हुआ था. महिला के प्राइवेट पार्ट से प्लास्टिक बॉटल बरामद किया गया था, जो हत्या से पहले रेप की आशंका को गहरा रहा था।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई चौकाने वाले खुलासे हुए, जिसने रूह कंपा दी. महिला के सीने की 12 पसलियां पूरी तरह टूट चुकी थी. पसली की हड्डियां कई हिस्सों में टूट चुके थे. इससे महिला का फेफड़ा और दिल फट गया था. वहीं सिर में भी तीन हड्डियां टूटी हुई थीं. गले को भी दबाया गया. बताया गया कि चोट के निशान से मालूम पड़ रहा कि महिला के सीने पर चढ़कर काफी दबाव दिया गया है।

## पश्चिम बंगालः अमित शाह बोले- 45 दिन के अंदर 7वां वेतन आयोग लागू करेंगे; यूसीसी भी लागू होगा

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दौरे में है। इस दौरान वह विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए इसे भरोसे का पत्र बताया। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र राज्य के हर वर्ग की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और मौजूदा निराशा के माहौल से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। अमित शाह के अनुसार, इस घोषणापत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से जूझ रहे किसानों को इससे नई दिशा मिलेगी, जबकि युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी खास जोर दिया गया है।



## दो बच्चों के सिर से उठा माता-पिता का साया

## आपसी विवाद में पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी, इलाके में फैली सनसनी

**कोंडागांव, 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां आपसी विवाद में पत्नी की हत्या कर पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस घटना के बाद दो मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, कोकोडी गांव निवासी धनेश्वर और उसकी पत्नी सुखबती नेताम किसी काम से बनियागांव गए हुए थे। गुरुवार की रात दोनों जब वापस लौट रहे थे, तभी बह्लारी नाला के पास किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति धनेश्वर ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी सुखबती नेताम पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कोंडागांव पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।



## 17 बकरे-बकरियों की संदिग्ध मौत, आजीविका का सहारा रहे जानवरों की मौत से सदमे में गरीब परिवार

**तखतपुर, 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** तखतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चितावर में एक बेहद मार्मिक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गरीब परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा बनी बकरे-बकरियों की एक ही रात में अचानक मौत हो गई। इस घटना से परिवार पर आर्थिक संकट का गहरा साया छा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चितावर निवासी प्रेम लाल विरको प्रतिदिन की तरह अपने बकरा-बकरियों को शाम के समय चराने के बाद घर के आंगन में बांधकर सो गए थे। लेकिन सुबह जब वे उठे तो उनके होश उड़ गए—आंगन में एक-दो नहीं बल्कि सभी 17 बकरा-बकरियों की लाशें पड़ी थीं। बताया जा रहा है कि नया आवास पारा, सरपंच प्रतिनिधि के प्लॉट के निकट मृत मिले बकरे-बकरियों की हालत बेहद भयावह थी, कई बकरियों की अंतड़ियां तक बाहर निकल आई थीं। यह मंजर देख पशुपालक और उसके परिवार के सदस्य सदमे में आ गए। आठ सदस्यीय इस परिवार के लिए यही पशु आजीविका का एकमात्र साधन थे, जिनके अचानक खत्म हो जाने से परिवार पर लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के बीच इस घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि किसी जंगली जानवर के हमले से यह घटना हुई है, हालांकि, वास्तविक कारण का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना सरपंच प्रतिनिधि देवा सिंगरौल द्वारा तत्काल तखतपुर थाने में दी गई है। साथ ही राजस्व विभाग के पटवारी और आरआई को भी मौके की जानकारी देकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।



## बिलासपुर के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू पर काबू, चिकन-अंडे पर पाबंदी हटी, एक किमी दायरे में अभी भी जारी रहेंगे कड़े प्रतिबंध

**बिलासपुर, 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** शहर के कोनी स्थित पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद लगाए गए प्रतिबंध अब हटा लिए गए हैं। संक्रमण की पुष्टि के 17 दिन बाद प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में मानते हुए 10 किलोमीटर के सर्विलांस क्षेत्र से गुरुवार से पाबंदियां हटा दीं। केंद्रीय और राज्य स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने तीन दिन तक हालात का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट में व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इसके आधार पर यह राहत दी गई है। 25 मार्च को बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन ने एक किलोमीटर के दायरे में पोल्ट्री गतिविधियां पूरी तरह बंद कर दी थीं। इस क्षेत्र में चिकन और अंडे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया, वहीं 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र घोषित कर होटल, ढाबों और बाजारों में भी बिक्री रोक दी गई थी। संक्रमण पर नियंत्रण के लिए 22,808 पक्षियों को नष्ट किया गया। इसके अलावा 25,000 अंडे और 79 क्विंटल पोल्ट्री फीड भी नष्ट किया गया। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 1,900 मुर्गों को भी एहतियातन खत्म किया गया। राहत की बात यह रही कि जांच में शामिल 41 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई।



इन प्रतिबंधों का सबसे अधिक असर पोल्ट्री कारोबार पर पड़ा। शहर के चिकन और अंडा व्यापारियों को 17 दिनों तक दुकानें बंद रखनी पड़ीं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

## 12वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों ने दूसरी बार दिलाई हिन्दी की परीक्षा, 7949 रहे उपस्थित, 49 रहे अनुपस्थित

### परीक्षार्थियों को गर्मी के मौसम में दोबारा करनी पड़ी मेहनत, सरल पर्चा देख खिले चेहरे

**धमतरी 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूर्व में 20 फरवरी से 18 मार्च तक 12वीं बोर्ड परीक्षा ली गई थी। इसमें 14 मार्च को 12वी के हिन्दी विषय की परीक्षा हुई थी। जिसे बाद में सोशल मीडिया में पर्चे लीक होने की खबर फैलने के बाद रद्द कर दिया गया। जिसकी आज दस अप्रैल को आयोजित बारहवीं के हिन्दी परीक्षा में जिले भर के करीब 7998 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई। जिसमें 7994 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 49 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। आज परीक्षा 82 केन्द्रों में ली गई। केन्द्रो में मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सामाग्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा। परीक्षा सुबह 9 से 12.15 तक आयोजित हुई। हिन्दी की परीक्षा दोबारा होने से बारहवी के परीक्षार्थियों को गर्मी के मौसम में दुबारा मेहनत करनी पड़ी। लेकिन आज सरल पर्चा देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे।



ज्ञात हो कि पिछले बार पर्चा लीक होने के बाद इस बार बारहवी के गोपनीय सामाग्री लाने वाली वाहन जीपीएस सिस्टम से लेस थी। मंडल द्वारा सुरक्षा के साथ गोपनीयता भी बरती जा रही है। गोपनीय सामाग्री वाले पेटियों के लिए वन टाइम लॉक सिस्टम बनाया गया था, जो कि कोड युक्त था। उक्त गोपनीय सामाग्री के पेटियों में डिप्टी कलेक्टर व डीईओ की निगरानी में लॉक सिस्टम से लॉक किया गया था। फिर सुरक्षा के बीच संबंधित थानों में जमा कराया गया था।

## प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट को 'नक्सली' ने दी जान से मारने की धमकी, 3 करोड़ की मांगी फिरौती

**बालोद, 10 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के एक प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट को जान से मारने की धमकी दी गई है. इस घटना ने प्रशासनिक और न्यायिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है. गुंडरदेही में पदस्थ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार देवांगन को एक बंद लिफाफा प्राप्त हुआ, जिसमें उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है. धमकी भरा पत्र लिखने वाले ने खुद को नक्सली बताया है। गुण्डरदेही थाने में मामले में शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. इसके दावे की प्रमाणिकता की जांच की जा रही है कि क्या यह वास्तव में नक्सलियों का काम है या किसी शरारती तत्व की साजिश. धमकी के साथ-साथ 3 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई है। मजिस्ट्रेट ने शिकायत में बताया कि 27 मार्च को दोपहर में पोस्टमेन के जरिए लेटर मिला. उसमें लिखा था ओम काली माता नमः, प्रशांत कुमार देवांगन, जज गुण्डरदेही हमें फिरौती चाहिए, नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार जान से मार देंगे क्योंकि तुम रिश्वत खाकर गलत आदेश देकर गरीबों का बरबाद करते हो।






चूहा- शिक्षामंत्री बता रहें हैं कि अब स्कूलों में मंत्रोच्चार भी कराया जाएगा।
चुहिया- हां जी, फिर अंग्रेजी स्कू ल जगह-जगह क्यों खोल रहें हैं..!